टेलीफोन: (0177)-2652114
ई-मेल: tolicshimla@gmail.com

**भारत सरकार/ Govt. of India**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला**

**Town Official Language Implementation Committee, Shimla**

**मुख्य आयकर आयुक्त, रेलवे बोर्ड भवन, माल रोड, शिमला-171003**

**O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax , Railway Board Building, Shimla.**

**फा.सं. मु.आ.आ. /नराकास/4/गृह पत्रिका ''यात्रा'' /2023-24/** 340 से 401 **दिनांकः**09**/05/2023**

सेवा में,

सभी कार्यालय प्रमुख,
सदस्य कार्यालय, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
शिमला।

**विषय: नराकास, शिमला की वार्षिक गृह पत्रिका ''यात्रा'' के 24वें अंक के लिए रचनाएं भिजवाने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला की गृह पत्रिका **"यात्रा"** के 24वें अंक का प्रकाशन वित्त वर्ष 2023-24 में कराने हेतु प्रयास जारी है। अत: सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि **"यात्रा"** पत्रिका के लिए कम से कम एक रचना अवश्य भेजें। सविनय विशेष तौर पर निवेदन है कि अपनी रचनाएं यूनिकोड **(Unicode)** फोन्ट्स में ही ई-मेल पर सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करें। किसी अन्य फोन्ट में रचनाएं कृपया न भेजें क्योंकि ऐसी रचनाएं विभिन्न तकनीकी असुविधाओं का सृजन करती हैं। रचनाओं की हार्ड कॉपी से बेहतर होगा कि आप सभी रचनाओं की सॉफ्ट कॉपी ई-मेल पता **tolicshimla@gmail.com** पर प्रेषित करें। 24वें अंक के लिए नराकास मुख्यालय, शिमला अभी से ही कार्यरत है। नराकास, शिमला की बैठकों, कोई भी अन्य कार्यक्रम व पत्रिका प्रकाशन संबंधी गतिविधियों में सभी सदस्य कार्यालयों की सहभागिता की आवश्यकता होगी। अत: अगले अंक को विशेष बनाने के लिए हमारे सभी सदस्य कार्यालयों का सहयोग वांछनीय है।

सधन्यवाद।

मुख्य आय. आयु. शिमला
वरि. निजी सचिव / निजी सचिव
डायरी सं.........................
09 MAY 2023

भवदीया,

सुधा सिंह

**(सुधा सिंह)**
सहायक निदेशक(रा.भा.)
एवं नराकास, सचिव शिमला।

**प्रतिलिपि :-**

श्री राजेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ निजी सचिव,
कार्या. मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

टेलीफोन: (0177)-2652114
ई-मेल: tolicshimla@gmail.com

**भारत सरकार/ Govt. of India**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला**

**Town Official Language Implementation Committee, Shimla**

**मुख्य आयकर आयुक्त, रेलवे बोर्ड भवन, माल रोड, शिमला-171003**

**O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax , Railway Board Building, Shimla.**

---

**फा.सं. मु.आ.आ. /नराकास/2/अंशदान/2023-24/** 402 से 463 **दिनांकः** 09 **/05/2023**

सेवा में,

सभी कार्यालय प्रमुख,
सदस्य कार्यालय, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
शिमला।

**विषय:- वर्ष 2023-24 का अंशदान भेजने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप को विदित है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला को सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रतिवर्ष **2000/- रु. छोटे कार्यालय** (1 से 25 अधिकारियों/कर्मचारियों तक संख्या वाले) तथा **4000/- रु. बड़े कार्यालय** (25 से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या वाले) का अंशदान दिया जाता है। आपसे अनुरोध है कि वर्ष 2023-24 के लिए समिति को अपने कार्यालय से अशंदान की राशि शीघ्र भेजें। राशि आप चैक द्वारा अथवा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शिमला की मुख्य शाखा **IFSC Code SBIN0000718 में सचिव, नराकास के नाम से बैंक खाता संख्या- 10835936138** में सीधे भी ट्रांसफर कर सकते हैं।

सभी सदस्यगण चैक या ऑनलाईन तरीके से अंशदान का भुगतान करने के पश्चात् ई-मेल tolicshimla@gmail.com पर ट्रांजेक्शन का विवरण अवश्य साझा करें, ताकि नराकास, शिमला कार्यालय अपनी सूची अद्यतन कर पाए व आपके कार्यालय को भी पावती प्रदान कर पाए।

**भवदीया,**

सुधा सिंह

(सुधा सिंह)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला।
एवं सचिव, नराकास, शिमला।

**प्रतिलिपि :-**

श्री राजेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ निजी सचिव,
कार्या. मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

मुख्य आय. आयु. शिमला
वरि. निजी सचिव / निजी सचिव
डायरी सं.............................
09 MAY 2023